*This Question Paper contains 8 printed pages.*
***(Sections - A, B, C & D)***

Sl.No. 000640

# 02(H)

**(JULY, 2022)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 80***

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं **A, B, C** और **D** एवं कुल **1** से **55** प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

## विभाग - A

**(गद्य विभाग)** [25]

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :** [5]

1) 'साहब! कैप्टन मर गया।' यह वाक्य कौन कहता है?
   (A) हालदार साहब
   (B) पानवाला
   (C) चौराहे के लोग
   (D) गाड़ी चालक

2) अत्रि मुनि की पत्नी और दक्ष प्रजापति की कन्या कौन थी?
   (A) गार्गी
   (B) शीला
   (C) अनुसूया
   (D) शकुन्तला

3) किस प्राध्यापिका ने मन्नू भंडारी को साहित्य की दुनिया में प्रवेश करवाया?

(A) शीला अग्रवाल

(B) शीला देसाई

(C) शीला ठाकुर

(D) शीला पांडे

4) बिस्मिल्ला खाँ कितने वर्ष की आयु में संसार से विदा हुए?

(A) अस्सी (80)

(B) नब्बे (90)

(C) साठ (60)

(D) पचास (50)

5) रूस के भाग्य–विधाता कौन थे?

(A) न्यूटन

(B) कार्ल मार्क्स

(C) नेपोलियन

(D) लेनिन

■ **जोडे मिलाइए :** [5]

| रचनाकार | | रचना |
|---|---|---|
| 6) रामवृक्ष बेनीपुरी | अ) | लखनवी अंदाज |
| 7) महावीरप्रसाद द्विवेदी | ब) | नौबतखाने में इबादत |
| 8) यशपाल | क) | मानवीय करूणा की दिव्य चमक |
| 9) यतींद्र मिश्र | ड) | बालगोबिन भगत |
| 10) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना | य) | नेताजी का चश्मा |
| | फ) | स्त्री–शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खंडन |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए।** **[2]**

11) नेताजी की मूर्ति किसने बनाई थी?

12) मन्नू भंडारी की धुआँधार तारीफ किसने की?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

13) शकुंतला कम पढ़ी थी इस कुतर्क का क्या परिणाम बताया है?

14) मन्नू भंडारी के व्यक्तित्व पर किन–किन व्यक्तियों का मुख्य रूप से प्रभाव पड़ा?

15) कैप्टन का शब्द चित्र पाठ के आधार पर लिखिए।

16) लेखक ने नवाब साहब का प्रस्ताब क्यों अस्वीकार किया?

■ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर छः –सात वाक्यों में लिखिए :** **[4]**

17) पाठ के आधार पर भगत के व्यक्तित्व और वेशभूषा का अपने शब्दों में चित्र प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

17) वास्तविक अर्थ में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जाता है?

■ **निम्नलिखित गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :** **[3]**

18) 'नम आँखों का गिनना स्याही फैलाना है।'

अथवा

18) 'फटा सुर न बख्शें। लुंगिया का क्या है, आज फटी है, तो कल सी जाएगी।'

## विभाग - B

### (पद्य विभाग) [25]

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए :** [5]

19) कृष्ण का योग-संदेश लेकर कौन आता है?

(A) बलराम

(B) उद्धव

(C) नंदबाबा

(D) सुदामा

20) 'कवित्त' काव्य में कौन-सी ऋतु को बालक रूप में दिखाया है?

(A) बसंत

(B) शरद

(C) ग्रीष्म

(D) वर्षा

21) 'अट नहीं रही है' काव्य में कौन-से माह की सुंदरता का वर्णन किया है?

(A) सावन

(B) महा

(C) फागुन

(D) कार्तिक

22) 'छाया मत छूना' काव्य में 'छाया' शब्द किसका प्रतिक बताया है?

(A) दुख का

(B) भ्रम का

(C) श्रम का

(D) स्वप्न का

23) 'संगतकार' काव्य में 'नौसिखिया' किसे कहा गया है?

(A) रिश्तेदार को

(B) शिष्य को

(C) पैदल चलकर आने वाला को

(D) जिसने अभी सीखना आरंभ किया हो उसको

■ **कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:** [5]

24) 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' काव्य रामचरितमानस के ............. कांड से लिया गया है।

(अयोध्या कांड, अरण्य कांड, बाल कांड)

25) 'आत्मकथ्य' काव्य में 'प्रवंचना' शब्द का ............. अर्थ है।

(निंदा, धोखा, लालच)

26) 'फसल' काव्य में ............ के स्पर्श की गरिमा और महिमा बताई गई है।

(हाथों, पैरों, नाकों)

27) माता–पिता की अंतिम पूँजी ............... है।

(जमीन, आभूषण, कन्या)

28) 'उत्साह' काव्य में कवि ने धरा को ............... से शीतल करने को कहते है।

(जल, दूध, बर्फ)

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए :** [2]

29) 'कवित्त' काव्य में 'राई नोन' शब्द का उपयोग किस कार्य के लिए किया गया है?

30) 'उत्साह' काव्य में कवि किसे गरज ने को कहते है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** [6]

31) उद्धव के व्यवहार की तुलना किस–किस से की गई है?

32) कवि जयशंकर प्रसाद स्वप्न में क्या देखकर जाग गये?

33) 'जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन' काव्य पंक्ति में कवि क्या कहना चाहता है?

34) माँ ऐसा क्यों समझती है कि बेटी को दुख बाँचना नहीं आता है?

■ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर छः - सात वाक्यों में लिखिए :** **[4]**

35) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताई है?

अथवा

35) संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन-किन क्षेत्रों में दिखाई देते है?

■ **निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :** **[3]**

36) ''इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क
उँगलियाँ माँ की कराती रही हैं मधुपर्क''

अथवा

36) पाँचनि नूपुर मंजु बजैं, कटि किंकिनि कै धुनि की मधुराई।
साँवरे अंग लसै पट पीत, हिये हुलसै बनमाल सुहाई।
माथे किरीट बड़े दृग चंचल, मंद हँसी मुखचंद जुन्हाई।
जै जग-मंदिर-दीपक सुंदर, श्रीब्रजदूलह 'देव' सहाई।।

## विभाग - C

**(व्याकरण-विभाग)** **[15]**

■ **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :** **[2]**

37) पुष्प

38) रात्रि

■ **निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह करके समास का नाम दीजिए :** **[2]**

39) महामानव

40) सप्तर्षि

■ **निम्नलिखित शब्द समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए :** **[2]**

41) बिना पलक झपकाए लगातार देखना

42) शव या मुरदा ले जाने वाला संदूक या बक्सा

■ **निम्नलिखित वाक्यों में से निपात ढूँढकर लिखिए :** **[2]**

43) हालदार साहब अब भी नहीं समझ पाए।

44) निरज ही पेड़ पर चढेगा।

■ **निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियापद ढूँढकर लिखिए :** **[2]**

45) एक सफेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे।

46) सुरेश ने सुंदर गीता गाया।

■ **निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए :** **[1]**

47) आम के आम गूठलियों के दाम

■ **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए :** **[4]**

48) आग़ लगाना।

49) ढाँढ़स बँधाना।

## विभाग - D

**(लेखन कार्य)** **[15]**

50) ज्ञानसेतु विद्यालय, भावनगर में रिक्त (भाषा शिक्षक) पद हेतु अपना आवेदन पत्र लिखिए। [3]

■ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** [4]

कभी–कभी बाबू–जी हमसे कुश्ती भी लड़ते। वह शिथिल होकर हमारे बल को बढ़ावा देते और हम उनको पछाड़ देते थे। वह उतान पड़ जाते और हम उनकी छाती पर चढ़ जाते थे। जब हम उनकी लंबी–लंबी मूँछें उखाड़ने लगते तब वह हँसते–हँसते हमारे हाथों को मूँछों से छुड़ाकर उन्हें चूम लेते थे। फिर जब हमसे खट्टा और मीठा चुम्मा माँगते तब हम बारी–बारी कर अपना बाँया और दाहिना गाल उनके मुँह की ओर फेर देते थे। तब अपनी दाढ़ी या मूँछ हमारे कोमल गालों पर गड़ा देते थे। हम झुँझलाकर फिर उनकी मूँछे नोचने लग जाते थे। इस पर वह बनावटी रोना रोने लगते और हम अलग खड़े–खड़े खिल–खिलाकर हँसने लग जाते थे।

**प्रश्न :**

51) बाबू–जी बच्चे से कैसा चूम्मा माँगते थे?

52) बच्चे बाबू जी की मूँछें क्यों नोचते थे?

53) बच्चे बार–बार मूँछें नोंचते तो बाबू जी क्या करते थे?

54) इस गद्यांश से दो विरोधार्थी शब्द लिखिए।

55) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए : [8]

अ) मेरा यादगार प्रवास

ब) मोबाइल के लाभा–लाभ

क) जन सेवा ही प्रभु सेवा

ड) विज्ञान के बढ़ते चरण

❄ ❄ ❄